# <u>पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नवागंतुक विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत</u>

लखनऊ, 27 जुलाई 2026। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना तथा उनके भीतर उत्तरदायी, संवेदनशील एवं पेशेवर मीडिया कर्मी बनने की प्रेरणा जागृत करना था।




कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित एक विशेष वीडियो प्रदर्शित की गई, जिससे वे विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा, उपलब्ध संसाधनों तथा शैक्षणिक वातावरण से परिचित हो सके। इसके उपरांत विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देशानुसार "नशामुक्ति" विषय पर आधारित जागरूकता फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के माध्यम से युवाओं को धूम्रपान एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

मुख्य उद्बोधन देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु, संवेदनशील और सत्यनिष्ठ पत्रकार बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, इसलिए विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, फैक्ट-चेकिंग तथा मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग

जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवाद कौशल, आलोचनात्मक



# भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया शैक्षणिक व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ । ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक विभागों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालयों तथा परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने विभागों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आगामी सेमेस्टर की तैयारियों, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा कार्यालयों में संचालित प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, समयबद्ध शैक्षणिक गतिविधियों तथा छात्र-केंद्रित वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

प्रो. तनेजा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप गुणवत्तापरक शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इसके लिए सभी विभाग समयबद्ध कार्ययोजना के साथ शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षण-अधिगम वातावरण उपलब्ध कराएं।

कुलपति ने परिसर की स्वच्छता, हरित वातावरण, अनुशासन तथा आधारभूत सुविधाओं के प्रभावी रखरखाव पर भी विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से औचक निरीक्षण किए जाएंगे, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता एवं परिसर की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

चिंतन, रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सफलता केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, अनुशासन, सकारात्मक सोच और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर डॉ. सैयद काज़िम रिज़वी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने, समय का सदुपयोग करने तथा अध्ययन के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का



# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नवागंतुक विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना तथा उनके भीतर उत्तरदायी, संवेदनशील एवं पेशेवर मीडिया कर्मी बनने की प्रेरणा जागृत करना था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर आधारित एक विशेष वीडियो प्रदर्शित की गई, जिससे वे विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा, उपलब्ध संसाधनों तथा शैक्षणिक वातावरण से परिचित हो सके। इसके उपरांत विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देशानुसार ''नशामुक्ति'' विषय पर आधारित जागरूकता फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के माध्यम से युवाओं को धूम्रपान एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

मुख्य उद्बोधन देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु, संवेदनशील और सत्यनिष्ठ पत्रकार बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, इसलिए विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, फैक्ट-चेकिंग तथा मल्टीमीडिया स्टोरी टेलिंग जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवाद कौशल, आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सफलता केवल कक्षा तक सीमित नहीं होती, बल्कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, अनुशासन, सकारात्मक सोच और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. सैयद काजिम रिजवी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने, समय का सदुपयोग करने तथा अध्ययन के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का विद्यार्थी जितना अधिक पढ़ेगा, समाज और समसामयिक घटनाओं को समझेगा, उतना ही उसका दृष्टिकोण व्यापक और विश्लेषणात्मक होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समाचार-पत्रों, पुस्तकों एवं विश्वसनीय डिजिटल स्रोतों के नियमित अध्ययन, प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने तथा नैतिक मूल्यों के साथ पत्रकारिता करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थी जितना अधिक पढ़ेगा, समाज और समसामयिक घटनाओं को समझेगा, उतना ही उसका दृष्टिकोण व्यापक और विश्लेषणात्मक होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समाचार-पत्रों, पुस्तकों एवं विश्वसनीय डिजिटल स्रोतों के नियमित अध्ययन, प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने तथा नैतिक मूल्यों के साथ पत्रकारिता करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन एवं मॉडरेशन डॉ. मोहम्मद नसीब ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विनय कुमार ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।